दैनिक भास्कर
बिलासपुर भास्कर 14-08-2025

**सुनवाई •** सरकारी स्कूलों में फैली अव्यवस्था और लापरवाही को लेकर दैनिक भास्कर की खबरों पर सीजे सिन्हा की बेंच ने लिया संज्ञान, रायपुर-बिलासपुर डीईओ देंगे शपथ पत्र

# मैदान में मलबा, छत का प्लास्टर गिरा व बच्चों से ट्रांसफार्मर खिंचवाने पर हाई कोर्ट ने मांगी रिपोर्ट

लीगल रिपोर्टर | बिलासपुर

हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा और जस्टिस बीडी गुरु की डिवीजन बेंच ने राज्य के स्कूलों में लापरवाही को लेकर दैनिक भास्कर में प्रकाशित खबर पर संज्ञान लिया है। हाई कोर्ट ने स्कूल शिक्षा विभाग और संबंधित जिला शिक्षा अधिकारियों से विस्तृत रिपोर्ट मांगी है। हाई कोर्ट ने बुधवार को दैनिक भास्कर में छपी फोटो स्टोरी पर संज्ञान लिया है। इसमें बिजली विभाग के कर्मचारी ट्रांसफार्मर बदलने के दौरान बच्चों से रस्सी खिंचवाते नजर आ रहे हैं। इस मामले में डीईओ को शपथ पत्र देने के निर्देश दिए गए हैं।

6 अगस्त को दैनिक भास्कर ने रायपुर के अंक में खबर प्रकाशित की थी। खबर के साथ लगी तस्वीर में छात्र खुले मैदान में मलबे के बीच घूमते नजर आ रहे थे। इस मामले में नोटिस के जवाब में राज्य सरकार की ओर से बताया गया कि मैदान से मलबा हटा दिया गया है और मैदान को फिर से उपयोग योग्य बना दिया गया है। वहीं सचिव, स्कूल शिक्षा विभाग ने अपने हलफनामे में बताया कि 6 अगस्त को रायपुर के डीईओ ने स्कूल का निरीक्षण किया और मैदान को समतल कर मलबा हटाने के निर्देश दिए। 7 अगस्त की रिपोर्ट के अनुसार मैदान साफ कर दिया, इसके फोटो भी हाई कोर्ट में प्रस्तुत किए गए। हालांकि हाई कोर्ट ने कहा कि मैदान पूरी तरह सुरक्षित बनाने के लिए और कदम उठाने होंगे। हाई कोर्ट ने रायपुर के डीईओ को नया शपथ पत्र देने के निर्देश दिए हैं।

## प्राइमरी स्कूल की छत का प्लास्टर गिरने से बच्चे घायल

इसके अलावा 7 अगस्त मुंगेली के ग्राम बरदुली के प्राइमरी स्कूल में छत का प्लास्टर गिरने से कक्षा 3 के दो छात्र घायल हो गए थे। इस मामले में


बरदुली स्कूल की छत से प्लास्टर गिरा, दो बच्चे घायल

8 अगस्त को प्रकाशित खबर।

राज्य सरकार ने बताया कि घटना के बाद कलेक्टर और सीईओ ने मौके पर पहुंचकर बच्चों का हाल जाना। बच्चों का इलाज कराया गया। कलेक्टर ने जर्जर भवन में कक्षा चलाने को गंभीर लापरवाही मानते हुए जिला शिक्षा अधिकारी समेत 6 अफसरों और प्रधान पाठकों को नोटिस जारी किया है। हाई कोर्ट ने इस मामले पर मुंगेली के डीईओ से शपथ पत्र मांगा है।

## ट्रांसफार्मर बदलने बच्चों से खिंचवाई रस्सी, एई को कारण बताओ नोटिस

बिलासपुर| तखतपुर ब्लॉक के चनाडोंगरी हाईस्कूल में बिजली विभाग की बड़ी लापरवाही सामने आई है। एक महीने से खराब पड़े ट्रांसफार्मर को बदलने पहुंचे कर्मचारियों ने मजदूरों की जगह स्कूली बच्चों से रस्सी खिंचवाकर ट्रांसफार्मर लगवाया। इसे लेकर 13 अगस्त को दैनिक भास्कर ने खबर प्रकाशित की। इसके बाद विभागीय अधिकारी हरकत में आए और अधीक्षण यंत्री सुरेश जांगड़े के निर्देश पर कार्यपालन यंत्री मिलिंद पाण्डेय ने सकरी एई योगेश साहू को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। पाण्डेय ने बताया कि इस लापरवाही से जान-माल की बड़ी हानि हो सकती थी। सभी 15 वितरण केंद्र के एई और जेई को निर्देशित किया गया है कि भविष्य में ऐसी गलती न हो, अन्यथा कड़ी कार्रवाई की जाएगी।


ट्रांसफार्मर लगाने बच्चों से खिंचवाई रस्सी, प्राचार्य बोले- मीटिंग में था

13 अगस्त को प्रकाशित खबर।